आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना आज विधानसभा में पेश करेंगे उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताइस का बजट।
- विधान परिषद में समाजवादी पार्टी सदस्यों के आरोप पर बोले उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य–भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण नियमों का पूरी तरह पालन कर रही सरकार।
- आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे के पास ट्रॉमा सेंटर स्थापित करेगी प्रदेश सरकार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा इस सेंटर से सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को मिल सकेगी शीघ्र चिकित्सा सुविधा।
- महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां जोरों पर। मंदिरों की सफाई और सजावट के साथ सुरक्षा के किये जा रहे कड़े इंतजाम।

**********

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना आज विधानसभा में उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष–दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार का यह दसवां बजट है। इससे पहले कल विधानसभा में वर्तमान विधानसभा के दो सदस्यों प्रोफ़ेसर श्याम बिहारी लाल और विजय सिंह गोंड के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत सभी दलीय नेताओं ने दो मिनट मौन रखकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल के बारे में कहा कि वे एक मिलनसार और जमीन से जुड़े नेता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने अपने क्षेत्र में गरीब वंचितों पिछड़ों के विकास के कई काम किए।

***प्रोफ़ेसर श्याम बिहारी लाल का व्यक्तित्व एक मिलनसार शिक्षित और जमीन से जुड़े हुए नेता के रूप में था जो समाज के सभी तबकों के लिए विशेषकर पिछड़ों, वंचितों और गरीबों के कल्याण के लिए वे निरंतर समर्पित रहे।***

वहीं विधान परिषद में कल समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रदेश में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं होने और भर्तियों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि संविधान में अनुमन्य आरक्षण को लेकर सरकार पूरी तरह से कृत संकल्पित है। आरक्षण में न तो कटौती हुयी है और ना ही होगी।

***कई बार कुछ विसंगतियां ऐसी आई है जो नहीं आनी चाहिए थी। सदन को और पूरे प्रदेश की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सरकार 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लिए 2 प्रतशत अनुसूचित जनजाति के लिए और 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए जो आरक्षण है ये सुनिश्चित कराने का संकल्प दोहराती है। इसमें कोई गड़बड़ी नहीं।***

**********

उत्तर प्रदेश सरकार आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के पास एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करेगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आपातकालीन स्थितियों के पीड़ितों को शीघ्र और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कुलाधिपति के रूप में उत्तर प्रदेश आयुर्वेद विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई (इटावा) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए, विश्वविद्यालय के अंतर्गत 250 बिस्तरों वाला लेवल–1 ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे विश्वविद्यालय परिसर से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित है, जिसके कारण दुर्घटना पीड़ितों के उपचार में बहुमूल्य समय बर्बाद होता है। प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बाराबंकी में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में कहा कि सरकार युवाओं के लिए खेल सुविधाओं में लगातार इजाफा कर रही है। उन्होंने कहा कि बाराबंकी को एस्टेट कैपिटल रीजन–एससीआर में शामिल कर यहां विकास के कार्य किए जा रहे है अब यहां के नौजवानों को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा।

***स्टेट कैपिटल रीजन एससीआर के अंतर्गत हम लोगों ने बाराबंकी जनपद को लिया है। बड़े विकास के कार्यक्रमों को हम आगे बढ़ा रहे हैं। बाराबंकी का नौजवान रोजगार और नौकरी के लिए बाराबंकी के बाहर नहीं जाएगा बाराबंकी में उसे रोजगार मिलेगा। यहाँ के सतीश शर्मा जी ने सुरेश राई जी ने यहाँ के जनप्रतिनिधियों ने जो प्रस्ताव दिया था राम स्नेही घाट के पास हमारा एक बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र खड़ा होने जा रहा है। उद्योग यही लगेंगे।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बाराबंकी विकास प्राधिकरण बनाने और चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के स्पेशल जोन पर आने वाली परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बाराबंकी में दो नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर दिये गये हैं, यहां उद्योग लगाने के लिये देश के बड़े उद्यमियों में होड़ मची है।

**********

उच्चतम न्यायालय ने कल केंद्र सरकार से देश के विभिन्न हिस्सों से बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी नेटवर्क या राज्य विशिष्ट समूह की मौजूदगी का पता लगाने को कहा है। न्यायमूर्ति बीवी नागरतना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल

भुयान की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि इन घटनाओं के पीछे कोई समानता है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को सभी राज्यों से आंकड़े एकत्र करने को कहा है।

**********

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। मंदिरों, शिवालयों की विशेष साफ–सफाई और सजावट के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। वाराणसी के अपर पुलिस आयुक्त कानून–व्यवस्था शिव हरी मीणा ने बताया कि सुरक्षा से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए हैं। वहीं जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि में इस बार 15 से 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इसके  मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

***इन सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई है और सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाये। इसके लिए जो है प्लानिंग की गई है। इसके अतिरिक्त वाराणसी में जो अन्य महत्वपूर्ण मंदिर हैं जैसे मार्कण्डेय महादेव का मंदिर है। कैथी में वहां पर भी 2, 00, 000 से ज्यादा लोग जो है वो महाशिवरात्रि के दिन भगवान के दर्शन करते हैं। वहां पर भी बैठक की गई है। सभी तैयारियां देखी गई है। वहां पर भी बैरिकेडिंग की जो व्यवस्था होगी, जो घाट पर स्नान की व्यवस्थाएं होंगी। उन सब चीजों को सुनिश्चित कराया जा रहा है।***

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर लखनऊ पुलिस और जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम शुरू कर दिए हैं। कल जिलाधिकारी विशाख जी, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था बबलू कुमार ने डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर और पारा के बुद्धेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया। वहीं बाराबंकी में शिवरात्रि की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने लोधेश्वर महादेवाधाम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुव्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल बस्ती में भारत सरकार की स्माइल योजना के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए नवनिर्मित गरिमा गृह का उद्घाटन किया। उन्होंने परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए केंद्र और राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है जिससे वे गरिमा के साथ समाज में आगे बढ़ सकें।

***जो ट्रांसजेंडर के लिए भारत सरकार ने खास कर नरेंद्र भाई मोदी ने उसकी ओर देखा, समझा, सोचा और सबसे पहले तो नीतियां बनाई और इन नीतियां बनाने के बाद काम करने के लिए बजट दिया और इसमें राज्य सरकारें भी और केंद्र सरकार दोनों मिलकर अब ये काम शुरू हुआ है।***

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट प्रैक्टिकल परीक्षा 2026 की अंतिम तारीख बढ़ाकर 13 फरवरी कर दी है। पहले चरण की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 24 जनवरी से 1 फरवरी तक और दूसरे चरण की परीक्षाएं 2 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित की जानी थीं।

**********

प्रदेश में एक करोड़ चालीस लाख लोगों को फाइलेरिया की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिये कल राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर संयुक्त अभियान की शुरूआत हुयी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वर्चुअल मध्यम से अभियान का शुभारम्भ किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधानसभा स्थित सभागार में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के फाइलेरिया प्रभावित इक्कीस जनपदों के चौंसठ प्लानिंग यूनिटों में वृहद अभियान चलाया जायेगा।

**********

भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी मेन्स टी–20 वर्ल्ड कप 2026 का मुकाबला 15 फरवरी को तय कार्यक्रम के अनुसार खेला जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने औपचारिक रूप से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को यह मैच खेलने की अनुमति दे दी है।

**********